## कार्यपत्र-10

**1. सही उत्तर पर ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

(क) जिस संज्ञा शब्द से किसी वस्तु या प्राणी के एक या अनेक होने का बोध हो, वह क्या कहलाता है?

(i) वचन ✓

(ख) वचन के कितने भेद हैं? (iii) दो ✓

(ग) आदर या सम्मान प्रकट करने के लिए किसका प्रयोग होता है? (i) बहुवचन का ✓

(घ) कौन-सा संज्ञा शब्द पुल्लिंग बहुवचन का है? (ii) छाते ✓

(ङ) कौन-सा संज्ञा शब्द स्त्रीलिंग एकवचन का है? (ii) रोटी ✓

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(क) वचन के दो भेद हैं–

1. एकवचन– शब्द के जिस रूप से किसी वस्तु या प्राणी के एक होने का बोध हो, उसे एकवचन कहते हैं; जैसे– बालक, हाथी आदि।
2. बहुवचन– शब्द के जिस रूप से अधिक वस्तुओं या प्राणियों का बोध हो, उसे बहुवचन कहते हैं; जैसे– बालकों, हाथियों आदि।

(ख) वचन परिवर्तन के नियम इस प्रकार हैं–

1. 'अ' के बदले 'एँ' करके– रात-रातें, सड़क-सड़कें।
2. 'इ' के बदले 'इयाँ' करके– गति-गतियाँ, राशि-राशियाँ।
3. 'ई' के बदले 'इयाँ' करके– रानी-रानियाँ, धोती-धोतियाँ।
4. 'आ' के स्थान पर 'ए' करके– कमरा-कमरे, तोता-तोते।
5. 'आ' के स्थान पर 'एँ' करके– सेना-सेनाएँ, लता-लताएँ।
6. 'आ' के साथ अनुनासिक लगाकर– चिड़िया-चिड़ियाँ, गुड़िया-गुड़ियाँ।
7. गण, वर्ग, लोग, वृंद, जन तथा दल लगाकर– छात्र-छात्रगण, गुरु-गुरुजन।
8. अकारांत और आकारांत पुल्लिग तथा ईकारांत स्त्रीलिंग शब्दों के अंत में 'ओं' लगाकर– साल-सालों, दीन-दीनों।

(ग) दूध, पानी, वर्षा, आकाश, घी।

**3. दिए गए शब्दों को एकवचन में लिखिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | चूहे | चूहा | (ख) | गमले | गमला |
| (ग) | लड़कियाँ | लड़की | (घ) | अलमारियाँ | अलमारी |
| (ङ) | पतंगें | पतंग | (च) | बालिकाएँ | बालिका |
| (छ) | गुड़ियाँ | गुड़िया | (ज) | पक्षीवृंद | पक्षी |
| (झ) | कवयित्रियाँ | कवयित्री | (ञ) | कौए | कौआ |

**4. दिए गए शब्दों को बहुवचन में लिखिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | लेखिका | लेखिकाएँ | (ख) | तिथि | तिथियाँ |
| (ग) | मिठाई | मिठाइयाँ | (घ) | दरवाज़ा | दरवाज़े |
| (ङ) | गति | गतियाँ | (च) | चिड़िया | चिड़ियाँ |
| (छ) | नहर | नहरें | (ज) | कुर्सी | कुर्सियाँ |
| (झ) | मज़दूर | मज़दूरों | (ञ) | कुटिया | कुटियाँ |

**5. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर वाक्य पुनः लिखिए।**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | शिक्षिका के आते ही सभी बच्चे शांत हो गए। | शिक्षिकाओं के आते ही सभी बच्चे शांत हो गए। |
| (ख) | मुझे फूलों की माला चाहिए। | मुझे फूलों की मालाएँ चाहिए। |
| (ग) | नेता ने भाषण दिया। | नेताओं ने भाषण दिए। |
| (घ) | हमें बुराई का साथ नहीं देना चाहिए। | हमें बुराइयों का साथ नहीं देना चाहिए। |